## एक नजर में

### आग से गन्नाबाड़ी जलकर राख

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम बघोली मे शुक्रवार की शाम 2 किसानो के खेत में अचानक आग लग जाने से 10 एकड़ में लगी गन्ना की फसल जलकर राख हो गई। नगर पालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया शुक्रवार शाम ग्राम बघोली निवासी राजेश बारंगे एवं भरत बारंगे के खेत में लगी गन्नाबाड़ी में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों द्वारा आगजनी की सूचना नगरपालिका की फॉयर ब्रिगेड को देने पर नगरपालिका की फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। आग लगने से किसानो को लाखो रुपए की क्षति पहुंची है। आग बुझाने में फायर चालक मनोज सिंह एवं सुमित पूरी की सराहनीय भूमिका रही।

### उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित

**बैतूल।** भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय और मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में 18 मई से 25 मई तक जनजातीय समुदाय के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 10 विकासखंडो में कुल 112 शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें जनजातीय क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को शिविरों में विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न योजना से लाभान्वित किया गया। जिसमें आधार कार्ड 31, तपेदिक जांच 6, आयुष्मान भारत कार्ड 09, जाति प्रमाण पत्र 07, किसान क्रेडिट कार्ड 06, पेंशन योजना 210, पीएम गरीब किसान अन्न योजना 14, पीएम जनधन योजना 03, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना 02, पीएम किसान सम्मान निधि योजना 14, पीएम मातृ वंदना योजना 03, पीएम सुरक्षा बीमा योजना 07, पीएम उज्जवला योजना 11, पीएम विश्वकर्मा 37, राशन कार्ड 95, सिकल सेल परीक्षण 03, सुकन्या समृद्धि योजना 03 का लाभ प्रदान किया गया।

### विक्की सूर्यवंशी को मॉडर्न डेरीप्रेन्योर अवॉर्ड

**बैतूल।** ग्राम जामुन बिछवा निवासी विक्की सूर्यवंशी को सोशल मीडिया क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। इंदौर स्थित डेली कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (डीसीबीएम) में आयोजित इन्फ्लुएंसर्स मीट एंड क्रिएटर अवॉर्ड कार्यक्रम में उन्हें उभरते हुए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में मॉडर्न डेरीप्रेन्योर श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया। विक्की सूर्यवंशी, कृषक कैलाश सूर्यवंशी एवं श्रीमती आशा सूर्यवंशी के छोटे सुपुत्र हैं। वे डॉ. विकास सूर्यवंशी और वैष्णवी सूर्यवंशी के छोटे भाई हैं। विक्की अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एग्रोमैन डेरी फार्मर के माध्यम से कृषि एवं डेयरी क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कर रहे हैं। वे किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, डेयरी प्रबंधन और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। कृषि एवं डेयरी क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोग इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक पर एग्रोमैन डेरी फार्मर से जुड़कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विक्की की उपलब्धि पर परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# नपा को पौधे लगाने का मिला लक्ष्य, लेकिन जमीन-पौधों की कमी

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 23 मई. अमृत हरित महाअभियान के तहत जून माह में पहली बारिश के बाद पौधरोपण शुरू किया जाना है। इसके लिए नगरपालिका को शासन स्तर से 63 हजार 478 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।**

**लक्ष्य 63 हजार पौधे लगाने का, तैयारी 10 हजार की**

**नीम, गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के लगायेंगे पौधे**



लेकिन शहरी क्षेत्र में पर्याप्त जमीन की कमी और बड़ी संख्या में पौधों की अनुपलब्धता के कारण यह लक्ष्य हासिल करना नगरपालिका के लिए चुनौती बनता नजर आ रहा है। पिछले वर्ष भी नगरपालिका को 52 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था। नगरपालिका की ओर से 10 हजार पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था, लेकिन उस अभियान के परिणाम जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस साल फिर शासन स्तर से मिले लक्ष्य की पूर्ति के लिए नगरपालिका ने योजना बनाई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गड्ढे खोदने का काम जरूर प्रारंभ कर दिया है। बताया जा रहा है कि लक्ष्य पूर्ति के लिए नगरपालिका ने विभिन्न शासकीय कार्यालय परिसरों, उद्यानों, सडक किनारे की खाली जगहों, रिक्त शासकीय भूमि, जल स्त्रोतों के आसपास और अन्य सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित किया गया है। हालांकि पिछले साल भी इन्हीं स्थानों पर पौधरोपण किया गया था, किन्तु लगाए गए पौधों में से कितने वर्तमान में सुरक्षित और जीवित हैं, इसका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

**नीम, गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के लगायेंगे पौधे :** इस वर्ष भी पौधरोपण को लेकर स्थिति आसान नहीं दिख रही है। नगरपालिका फिलहाल 10 हजार पौधों का स्टॉक जुटाने की तैयारी कर रही है, लेकिन जिले की सरकारी नर्सरियों में भी पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध नहीं है। इसके चलते नगरपालिका को निजी नर्सरियों का सहारा लेना पड़ सकता है।

> शासन स्तर से पौधरोपण के लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदने का काम भी शुरू करा दिया गया है। पौधों की कमी न आए इसलिए नर्सरी में पौधे आरक्षित किए जा रहे हैं।
>
> – **अखिलेश चौहान,** सिटी मैनेजर, डे एलयूएनएम शाखा, नगरपालिका

### इतनी बड़ी संख्या में पौधे लगाने पर्याप्त स्थान नहीं

जानकारी के मुताबिक नगरपालिका के पास शहर में इतनी बड़ी संख्या में पौधे लगाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। शहरी क्षेत्र में पर्याप्त जमीन की कमी और बड़ी संख्या में पौधों की अनुपलब्धता के कारण नगरपालिका अब लक्ष्य कम कराने के प्रयास में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष नगरपालिका को करीब 52 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था। नगरपालिका की ओर से लगभग 10 हजार पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था, लेकिन वर्तमान में शहर में इन पौधों की संख्या काफी कम दिखाई देती है। कुछ स्थानों पर ट्री गार्ड के भीतर पौधे सुरक्षित नजर आते हैं, लेकिन उनकी संख्या अभियान के दावे की तुलना में बहुत कम बताई जा रही है। इससे पौधरोपण के बाद देखरेख और निगरानी की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### पौधारोपण के लिए खोदे जायेंगे 10 हजार गड्ढे

अमृत हरित महाअभियान के तहत हमलापुर क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर पौधरोपण की तैयारी चल रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गड्ढे खोदने का काम भी प्रारंभ हो गया है। जून माह में पहली बारिश के बाद पौधरोपण शुरू किया जाएगा। नगरपालिका के अनुसार पौधारोपण के लिए लगभग 10 हजार गड्ढे खोदे जाएंगे। हालांकि पिछले साल भी बड़ी संख्या में गड्ढे खोदे गए थे, लेकिन कई स्थानों पर पौधरोपण नहीं हो सका था। लोगों का मानना है कि हरित अभियान की सफलता केवल पौधे लगाने से नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित देखरेख से तय होगी। ऐसे में इस बार नगरपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती लक्ष्य पूरा करने के साथ लगाए गए पौधों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की भी रहेगी।

## शिविर में 50 दिव्यांगजन एवं 15 वरिष्ठजनों की हुई जांच

**सारनी।** भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजना के तहत नगर पालिका परिषद सारनी के सहयोग से मंगल भवन सारनी में दिव्यांगों और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक दिव्यांगों और 15 से ज्यादा बुजुर्गों का पंजीयन किया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला बैतूल, नगर पालिका परिषद सारनी के संयुक्त तत्वावधान में उक्त शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजना के तहत शिविर में



दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों की जांच के बाद उनका आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकन किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार, योजना शाखा के सभापति भीम बहादुर थापा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम, सामाजिक न्याय विभाग बैतूल से रोशनी वर्मा, सारनी की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सोनम बैस उपस्थित थे। शिविर सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक चला। इसमें 50 से ज्यादा दिव्यांगजनों एवं 15 से अधिक वरिष्ठजनों ने अपनी जांच कराई। बैतूल और जबलपुर से आई टीम द्वारा उन्हें आवश्यक उपकरण आगामी मंगलवार को बैतूल बुलाकर जांच के बाद प्रदान किए जाएंगे। कुछ दिव्यांगजनों को क्रत्रिम हाथ एवं पैर एवं जूते माप लेकर यथा स्थान ही प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रोस्टेटिक ऑर्थोटिक टेक्निशियन जगन्नाथ चंदेलकर, टेक्निशियन राहुल मेश्राम, जबलपुर से नरेंद्र रायकवाड़, रतलाम से क्रत्रिम अंग उपकरण हेतु रतलाम से आई टेक्निशियन प्रिया शर्मा के अलावा नपा से रामराज यादव, मोहनिश पूर्वे, दीपक बिहारे, रोशन बामने समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## गीता ज्ञान यज्ञ में डाली बुराइयों की आहुति

**भौंरा।** सात दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन का भव्य समापन संपन्न हुआ। भौंरा के मंगल भवन में आयोजित इस गीता ज्ञान यज्ञ में समापन के अवसर पर श्रद्धालु की भीड़ देखने को मिली इस अवसर पर गीता ज्ञान प्रवचन करने सिवनी से पधारी ब्रह्माकुमारी आस्था बहन जी ने सभी को जीवन में गीता में वर्णित शिक्षाओं को अपना कर जीवन से बुराइयों को स्वाहा करने तथा अच्छाइयों को ग्रहण करने के लिए आह्वान किया। बुराइयों की आहुति देने के लिए यज्ञ भी रचा गया जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों की आग्रह पर सभी ने अपने अंदर निहित एक-एक बुराई और व्यसनों की आहुति दे जीवन में पुन: बुराइयां को ना अपनाने का संकल्प लिया। आस्था बहन जी ने कहा कि जिस तरह दुनिया में कथा वाचक ब्राह्मण को दक्षिणा दी जाती है तो आज हम दक्षिणा के रूप में आपसे आपकी बुराई मांग रहे हैं तथा नित्य राजयोग का अभ्यास करने तथा ब्रह्माकुमारीज के सेवा केंद्र पर आकर ईश्वरीय ज्ञान का श्रवण करने का आग्रह करते हैं। यह छोटा सा प्रयास निश्चित ही आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन लायेगा इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज बैतूल की संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू बहन जी ने सभी को ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवाकेंद्र के बारे में बताया तथा वहां जाकर निशुल्क रूप से राजयोग मेडिटेशन का प्रशिक्षण लेने का निमंत्रण दिया।

**राजयोग का निशुल्क प्रशिक्षण आज से :** ब्रह्माकुमारीज भौंरा की प्रमुख अरुणा दीदी ने बताया कि ब्रह्मा कुमारीज के सभी सेवाकेंद्रों पर राजयोग मेडिटेशन का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। किसी भी आयु,वर्ग,धर्म वा जाति का व्यक्ति यह प्रशिक्षण निशुल्क प्राप्त कर सकता है। यह प्रशिक्षण सुबह 7.00 से 11.00 के बीच और शाम को 4.00 बजे से 8.00 बजे के बीच कोई भी 1 घंटे का समय निकाल करके प्राप्त किया जा सकता है।

## ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने सदर में कराया योग अभ्यास

**बैतूल।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भारत भारती जामठी द्वारा 100 दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह आयोजन आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल, प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन एवं उपप्राचार्य डॉ. राजकुमार मिश्रा की रूपरेखा के अनुसार किया जा रहा है। शनिवार 23 मई को महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हिमांशु मालवीय तथा इंटरनी नितेश ध्यानेश्वर, साक्षी रावत और नमन जैन ने सदर बैतूल में योग प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न गांवों और स्थानों पर पहुंचकर लोगों को नियमित योग अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि आमजन योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले सकें। महाविद्यालय द्वारा यह योग प्रशिक्षण शिविर 21 जून तक जिलेभर में आयोजित किए जाएंगे।

## शिविर में 274 मरीजों का आयुष पद्धति से उपचार

**बैतूल।** खेड़ीसावलीगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आयुष विभाग की टीम ने आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 274 मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर बैतूल के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जनपद उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सरपंच शर्मिला ठाकुर, जनपद सदस्य सरोज राठौर, समाजसेवी रुपेश अग्रवाल और आनंद तिवारी सहित



जिलास्तरीय विशेषज्ञ टीम मौजूद रही। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में चिकित्सकों और स्वास्थ्य टीम के कार्यों की सराहना की। आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता, उदर रोग सहित अन्य बीमारियों का उपचार कर मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. मनक धुर्वे नोडल अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ डॉ. शैलेंद्र कृष्णा तिवारी, डॉ. विशाल वर्मा, डॉ. शिल्पा धोटे, डॉ. नैन्सी राठौर सहित आयुष विभाग के कुल 14 कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ठेका मजदूरों के बिना ही बैठक संपन्न, मजदूरों में भारी नाराजगी

**पाथाखेड़ा।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में ठेका मजदूरों के शोषण को लेकर आयोजित त्रिपक्षीय बैठक अब विवादों के घेरे में आ गई है। मुख्य अभियंता कार्यालय में आयोजित इस बैठक में मजदूरों और श्रमिक संघों को ही आमंत्रित नहीं किया गया, जबकि पेटी कॉन्टैक्टर, ठेकेदार संघ और प्रबंधन से जुड़े लोग मौजूद रहे। नवागत कलेक्टर को श्रमिक संघ द्वारा शिकायत सौंपे जाने के बाद कलेक्टर विजिट वाले दिन ही बैठक आयोजित होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। विधायक प्रतिनिधि एवं मानव अधिकार आयोग के जिला प्रभारी संजय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि प्लांट के विभिन्न विभागों में मजदूरों से कम वेतन पर अधिक काम लिया जा रहा है। कई मजदूरों को नगद भुगतान किया जा रहा है, पीएफ नहीं काटा जा रहा और कुशल श्रमिकों से अर्धकुशल श्रेणी का कार्य कराया जा रहा है। बाग-बगीचे और कोल हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत मजदूरों के शोषण के गंभीर आरोप भी लगाए गए। मामले में प्रबंधन के श्रम कल्याण अधिकारी नरेश पनवार और जिला श्रम अधिकारी धम्मदीप भगत की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। श्रमिक संगठनों का कहना है कि यदि शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई होती तो मामला जांच तक नहीं पहुंचता।

## गायत्री परिवार के महायज्ञ में रोज जुट रहे श्रद्धालु

**आमला।** क्षेत्र के ग्राम कुटखेड़ी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञापुराण कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम में दूर-दराज से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूरे गांव में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिल रहा है।महायज्ञ में श्रद्धालु भक्त विधि-विधान से हवन-पूजन कर रहे हैं तथा श्रीमद प्रज्ञापुराण कथा श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं। ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए दोनों समय भोजन प्रसाद की



व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे सेवा और समर्पण की भावना दिखाई दे रही है। अमुना यादव ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 500 से अधिक श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। वहीं भजन संध्या में गायक सन्मुख एवं तबला मास्टर प्रवेश के साथ छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति रस में झूम उठे।गांव के लोगों द्वारा उत्साह और हर्षोल्लास के साथ इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई जा रही है।

## कोयला श्रमिकों के हक पर सख्त हुए कलेक्टर डॉ . सोनवणे

**पाथाखेड़ा।** सारनी सतपुड़ा क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को लेकर शनिवार को अपर रेस्ट हाउस सारनी में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने श्रमिक हितों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। मध्यप्रदेश पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) सारनी एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मजदूरों से जुड़ी शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों, श्रमिक यूनियन प्रतिनिधियों और श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में डब्ल्यूसीएल के श्रमिकों के खातों



में वेतन जमा होने के बाद ठेकेदारों द्वारा नगद राशि वापस लेने की गंभीर शिकायत सामने आई। इस पर कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने तीखी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय एचआर अधिकारियों को भी स्पष्ट रूप से जिम्मेदारी तय करते हुए ऐसे मामलों में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि बिना किसी ठोस कारण के श्रमिकों को दबाव बनाकर काम से हटाया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी ठेकेदारों एवं कंपनियों को श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करने और श्रम कानूनों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बालाजी एंटरप्राइज द्वारा एमपीपीजीसीएल सारनी के श्रमिकों के लंबित एरियर का भुगतान चेक के माध्यम से किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में एरिया प्लानिंग ऑफिसर पाथाखेड़ा डब्ल्यूसीएल लक्ष्मीकांत चंद्रवंशी, एमपीपीजीसीएल के चीफ इंजीनियर एस.के. लिल्होरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं श्रमिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**गिरफ्तारी** | बीते दिनों ग्राम चौथिया निवासी द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का मामला

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुलताई। थाना पुलिस मुलताई द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि ग्राम चौथिया निवासी ने बीते दिनों जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी।**

**घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा**

**आरोपी को न्यायालय में किया पेश**

इस मामले मे मुलताई पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की गई जांच के दौरान पुलिस द्वारा



घटनास्थल निरीक्षण, शव पंचनामा, पीएम रिपोर्ट, अस्पताल से प्राप्त तहरीर, मर्ग इंटीमेशन, सीडीआर, परिजनों एवं पंचानों के कथन तथा अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया गया।जिसमे यह सामने आया कि मृतक कृष्णराव बारंगे ने ग्राम चौथिया निवासी नरेश पाठेकर से 50 हजार रुपए उधार लिए थे। आरोपी द्वारा मृतक से उधारी की रकम एवं अत्यधिक ब्याज की लगातार मांग की जा रही थी। परिजनों के कथनों एवं प्राप्त साक्ष्यों के अनुसार मृतक द्वारा लगभग एक लाख रुपये ब्याज के रूप में दिए जाने के बावजूद आरोपी लगातार फोन कर एवं घर पहुंचकर पैसे मांगता था तथा गाली-गलौज कर बेइज्जती एवं घर से उठवा लेने की धमकी देता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी द्वारा मृतक पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा था तथा उसे अपमानित करते हुए पैसे नहीं दे सकते तो जाकर मर जाओ जैसी बातें कही गई थीं। लगातार प्रताड़ना एवं मानसिक तनाव से परेशान होकर मृतक कृष्णराव बारंगे ने सल्फास का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी।घटनास्थल से प्राप्त सुसाइड नोट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नरेश पाठेकर का कृत्य प्रथम दृष्टया आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना पाया गया।उक्त आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 108 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेश पिता बाजीराव पाठेकर उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम चौथिया को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक सुनील सरेयाम, आरक्षक प्रिंस,अरविंद एवं आरक्षक विवेक की सराहनीय भूमिका रही।

## कोयापुनेम गोण्डी धर्म संस्कृति गाथा का समापन

**बैतूल।** रामपुर रैय्यत (काजरीढाना) में आयोजित सात दिवसीय कोयापुनेम गोण्डी धर्म संस्कृति गाथा का भंडारे और सामूहिक आभार के साथ समापन हो गया। आयोजन में पाठमुख धुर्वे पेनकड़ा कुटुंब परिवार, महादेव झोली भगत, भूमका, लग्न्या और नवगठित पेनकड़ा समिति की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन समिति ने इसे समाज और संस्कृति संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मई को धर्माचार्य तिरुमाल रामभरोस सरयाम, रामगढ़ तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा की उपस्थिति कलश यात्रा, घटस्थापना और बड़ादेव मूर्ति स्थापना के साथ हुआ था। 15 से 22 मई तक चले आयोजन में धुर्वे कुटुंब परिवार ने तन-मन-



धन से सहयोग दिया और गोण्डी भाषा व संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया। समापन कार्यक्रम में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तिरुमाल मंगलसिंग धुर्वे, जिला पंचायत व शिक्षा समिति अध्यक्ष तिरुमाल हंसराज धुर्वे, शोध-बोध संस्थान सुखवान प्रमुख जंगुसिंग धुर्वे सहित राकेश धुर्वे, शिवजी धुर्वे, तुलसी धुर्वे, हरिशंकर धुर्वे, छन्नु सिंह धुर्वे और राधेलाल धुर्वे मौजूद रहे। बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, पितृ शक्ति और समाजजन शामिल हुए। आयोजन के दौरान गोण्डी संस्कृति और पेनकड़ा रीति-रिवाजों के संरक्षण पर मंथन किया गया। समाज सुधार से जुड़े विभिन्न प्रस्ताव पारित कर जिम्मेदारियां तय की गईं।